# *प्रेस विज्ञप्ति*

## *कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद महराजगंज-दिनांक- जून 09,2021

***यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं संदिग्धों की चेकिंग*-** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 186 वाहनों का चालान व 09 वाहनो से 9600 रु0 शमन शुल्क वसूल किया गया।

***कोरोना महामारी के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर *मास्क न लगाने वाले कुल- 15 व्यक्तियों से 15000/- रुपये शमन शुल्क* वसुला गया।

***शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही*-** जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 33 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

***आबकारी अधिनियम में की गयी कार्यवाही*-**

***थाना कोल्हुई पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्तगण **1.** सुरेन्द्र पुत्र दियानाथ नि0 राजमंदिर थाना कोल्हुई जनपद महराजगंज के कब्जे से 135 शीशी नेपाली शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-96/21 धारा-60/63 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

**2.** मीणा पत्नी चौथी मुसहर नि0 जंगल गुलहरिया थाना कोल्हुई जनपद महराजगंज के कब्जे से 10 ली0 कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-97/21 धारा-60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***थाना निचलौल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्तगण **1.**कृष्णा नंद पटेल पुत्र घिराऊ नि0 करमहिया थाना निचलौल जनपद महराजगंज के कब्जे से 13 शीशी नेपाली शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-214/21, **2.** संतोष पुत्र रामअवध सा0 ढेहा थाना निचलौल जनपद महराजगंज के कब्जे से 13 शीशी नेपाली शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-215/21, धारा-60/63 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

**थाना कोठीभार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्त प्रमोद चौहान पुत्र केदार नि0 सेमरानी थाना कोठीभार जनपद महराजगंज के कब्जे से 20 शीशी अवैध देशी शराब बरामद कर स्थानीय पर मु0अ0सं0-99/21 धारा-60(1) अबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***विवेचनाओं का निस्तारण*-** पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्यवाही करते हुए कुल-09 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

***जनपद में 08/09-06-2021 को विभिन्न अपराधों में कुल- 38 अभियुक्तगणों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।***